लापरवाही | ग्राम पंचायत नरीला में सामने आई अराजकता

# एक पेड़ मां के नाम बनाम आम के बाग का कत्लेआम





**मझौली, नवभारत।** मध्य प्रदेश सरकार एक ओर 'एक पेड़ माँ के नाम' जैसे भावनात्मक और पर्यावरण-संवेदनशील अभियानों के ज़रिये हर नागरिक से प्रकृति बचाने की अपील कर रही है, वहीं दूसरी ओर ज़मीनी हकीकत इस सरकारी दावे पर करारा तमाचा मार रही है। जनपद पंचायत मझौली अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हटोली के नरीला में आम के हरे-भरे बाग़ पर जिस तरह से खुलेआम आरी चलाई गई, उसने सरकार की नीयत और प्रशासन की निगरानी—दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जिन आम के पेड़ों को वर्षों तक सींचा गया, जिनसे न केवल किसानों की आजीविका जुड़ी थी बल्कि पर्यावरण को भी जीवन मिलता था, आज वही पेड़ बेरहमी से काट दिए गए। हैरानी की बात यह है कि जिस ज़मीन पर यह कत्लेआम हुआ, वहां साफ-साफ एक बोर्ड लगा है— 'भूमि (ग्राम-नरीला) खसरा नं. 162/2 विवादित है' यानी जिस भूमि पर कानूनी विवाद लंबित है, वहां पेड़ों की कटाई किस आदेश पर, किसके संरक्षण में और किस लाभ के लिए की गईयह सबसे बड़ा सवाल है।

### कानून की खुलेआम अनदेखी

बोर्ड पर दर्ज पक्षकारों प्रताप साहू और योगेश श्रीवास्तव के नाम यह साफ संकेत देते हैं कि मामला न सिर्फ राजस्व विभाग से जुड़ा है, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया के अधीन भी है। इसके बावजूद आम के पेड़ों का सफाया यह साबित करता है कि कानून, पर्यावरण और सरकारी घोषणाएं—तीनों की खुलेआम अनदेखी की गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो 'एक पेड़ माँ के नाम' केवल पोस्टर और भाषणों तक सीमित रह जाएगा, जबकि ज़मीन पर पेड़ काटने वालों को खुली छूट मिलती रहेगी। अब सवाल यह नहीं है कि पेड़ क्यों काटे गए, सवाल यह है कि विवादित ज़मीन पर पर्यावरण अपराध करने वालों पर कार्रवाई कब होगी? क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर जवाबदेही तय होगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबा दिया जाएगा, जब तक ज़मीन पर पेड़ सुरक्षित नहीं, तब तक सरकारी पर्यावरण अभियान केवल दिखावा हैं।



## राष्ट्रीय स्वयं सेविकाओं ने दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश

**पाटन,नवभारत।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के पंचम दिन ग्राम सुरैया में जाकर सर्वेक्षण अभियान का आयोजन किया गया।शासकीय मोहनलाल हरगोविंदास गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय स्वयं सेविकाओं द्वारा ग्राम में एक मोटिवेशनल कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कटंगी की थाना प्रभारी (टी.आई.) पूजा उपाध्याय ने छात्राओं एवं ग्राम के बच्चों को संबोधित करते हुए मातृशक्ति के गुण, साइबर अपराधों से बचाव, तथा प्रशासनिक सेवाओं (आईएएस, आईपीएस) में जाने की प्रक्रिया के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेन्द्र सिंह ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर छात्राओं द्वारा ग्राम के चौराहे पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। वहीं बौद्धिक चर्चा में साइबर सुरक्षा विषय पर पार्षद सत्यम झारिया एवं उनके मित्रमंडल द्वारा अनेक प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का मार्गदर्शन डॉक्टर समीर कुमार शुक्ल प्राचार्य के द्वारा किया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना भैरम , डॉ. रश्मि पटेल एवं शक्ति बबेले द्वारा किया गया। शिविर में वस्त्र एवं तंतु विभाग की डॉ. भावना शर्मा अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहीं तथा डॉ. ज्योति जैन, राघवेन्द्र शुक्ला , पार्षद सत्यम झारिया एवं सरपंच देवरी-सुरैया की गरिमामयी उपस्थिति रही।



## बेलखाडू श्रीराम महायज्ञ में उमड़ा जनसैलाब

**नवभारत,बेलखाडू।** बेलखाडू मोहास में श्रीराम महायज्ञ के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन जारी है । जिसमें रविवार के दिन जनसैलाब उमड़ पड़ा। ग्राम बेलखाडू मोहास में आयोजित श्रीराम महायज्ञ के अवसर पर लगे मेले में सभी दुकानों और यज्ञ शाला परिक्रमा के लिए क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। मेले में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर शामिल होकर धार्मिक व सांस्कृतिक वातावरण का आनंद ले रहे हैं। बुजुर्ग भी मेले में पहुंचकर धार्मिक माहौल का लाभ उठा रहे हैं।महायज्ञ स्थल पर संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भी चल रहा है, जिसमें श्रद्धालु व्यास पीठ से ब्रह्मचारी मुरलीधर शास्त्री दमोह के श्रीमुख से कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। भजन-कीर्तन और कथा वाचन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर है। श्रीराम महायज्ञ एवं मेला आयोजन से ग्राम और आसपास के क्षेत्रों में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। यज्ञ आयोजन समिति सदस्यों के साथ पुलिस चौकी बेलखाडू प्रभारी एसआई राजेश धुर्वे व स्टाफ मौके पर जाकर व्यवस्था देख रहे हैं।

# संत रविदास जयंती पर सतधारा में बही गुरु ज्ञान की धारा

**नवभारत, सिहोरा।** मझगवां (सरौली) समीपी ग्राम कूम्ही सतधारा स्थित संत रविदास मंदिर प्रांगण में संत शिरोमणि गुरु रविदास सामाजिक चेतना संभागीय समिति सिहोरा द्वारा संत रविदास जयंती का आयोजन किया गया ! सुअवसर पर व्याख्यान माला एवं गीत संगीत के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में भक्तों एवं श्रोताओं ने गुरुवाणियों का श्रवण किया! प्रकाश से फैली ज्योति' के पावन संदेश के साथ बताया कि किस तरह से भारत में व्याप्त रूढ़िवाद पाखंड अंधविश्वास एवं आडंबर के बजाय मानव मानव एक समान के सिद्धांत पर समाज को जीवन जीने की एक नई दिशा दी। इस अवसर पर व्याख्यान माला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से संत रविदास जी के जीवन दर्शन और उनके सामाजिक योगदान को याद किया गया।



कार्यक्रम में पहुंचे वक्ताओं ने संत रविदास जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा दिया गया समरसता, एकता, भाईचारा और सौहार्द का संदेश आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। वक्ताओं ने उपस्थित जनसमूह से इन संदेशों को जीवन में अपनाने की अपील की ताकि समाज में एकता और अखंडता बनी रहे।

### कुरीतियों पर प्रहार और मानव कल्याण

संबोधन के दौरान वक्ताओं ने बताया कि आज से लगभग छह दशक पूर्व संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त पाखंड और अंधविश्वास,रूढ़िवाद और आडंबर, जात-पात और छुआछूत,अशिक्षा जैसी कुरीतियों पर करारी चोट की थी। उन्होंने अपनी अनमोल वाणी के माध्यम से मानव मात्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया, जिससे भारत भूमि आज भी गौरवान्वित महसूस करती है।

### भक्तिमय संगीत से जीवंत हुआ आध्यात्मिक आंदोलन

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सामाजिक गुरु एवं लोक गायक डब्बल चौधरी की संगीत मंडली की प्रस्तुति रही। उन्होंने संत रविदास जी के अनमोल वचनों को मधुर संगीत में पिरोकर प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु उनके आध्यात्मिक और भक्ति आंदोलन की गहराई से परिचित हुए।

### गणमान्य जनों की रही उपस्थिति

इस पावन अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और ग्रामीण उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री भगवान दास रैदास (रिटायर्ड नायब) तहसीलदार डी.एल. चौधरी, ओम समद,जी एल चौधरी (शिक्षक) अनिल चौधरी (जनपद सदस्य) अमृतलाल बौद्ध, जयकुमार पटवारी, राजकुमार चौधरी, के के पटेल बृषभान अहिरवार सोनेलाल चौधरी अमृतलाल रैदास मूलचंद चौधरी (सरपंच) मोहन मिश्रा (सरपंच कुम्ही) ओमकार बाबा जी महाकालेश्वर पुरी एडवोकेट शुभम चौधरी किशन चौधरी शामिल हुए। साथ ही महिला शक्ति की भी व्यापक उपस्थिति रही, जिसमें आयुष्मति सरोज चौधरी (व्याख्याता) सुशीला चौधरी निर्मला चौधरी पूजा चौधरी श्रीमती शकुन चौधरी सहित अन्य ग्रामीण महिलाएं सम्मिलित हुईं। संत रविदास जी भारत की वह अनमोल धरोहर हैं, जिनका 'प्रकाश पुंज' आज भी संपूर्ण मानव जाति का मार्गदर्शन कर रहा है! कार्यक्रम के समापन पर अनिल चौधरी जनपद सदस्य गोसलपुर कछपुरा के द्वारा मुख्य अतिथि एवं सभी विशिष्ट अतिथियों को संविधान की प्रस्तावना पुरस्कार स्वरूप भेंट की गई!

# यूजीसी के नये कानूनी प्रावधानों के विरोध में किया पुतला दहन

**नवभारत,बरेला ।** भारत सरकार और यूजीसी संस्थान के संशोधन किए गए कानून के विरोध में सवर्ण समाज बरेला परिक्षेत्र ने रामलीला मैदान थाने के सामने एकत्रित हो कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुतला दहन किया गया। सर्व ब्राह्मण समाज बरेला परिक्षेत्र के अध्यक्ष अरविन्द तिवारी ने कहा कि विनियमन सम्पूर्ण हिन्दू समाज,छात्र, शिक्षक और कर्मचारियों के लिए घातक है ,इस कानून के कारण युवाओं के मन मस्तिष्क में भय का बीजारोपण होगा। वहीं विमल जैन अध्यक्ष पंचायत सभा ने कहा कि यह स्वतंत्रता का गला घोंटने वाला है। राजपूत समाज के सहदेव सिंह गौर, अमित ठाकुर ने कहा चाहे कुछ भी हो जाए हम



इसे स्वीकार नहीं करेंगे। वक्ताओं में रमेश नवेरिया, अमित शुक्ला,एड प्रवीण जैन, योगेश दुबे, महेश मानव,के के शुक्ला, अमित जैन, आशीष शुक्ला ने कानून वापिस लेने दबाव बनाया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपकर यूजीसी कानून का विरोध किया। आंदोलन में श्रीकांत उपाध्याय,भूपद उपाध्याय, अजय गर्ग ,विजय जैन गोविंद दुबे, आशीष जैन, अजित जैन, मिथलेश तिवारी, आनंद दुबे,ज्ञानू प्यासी, प्रभात दुबे, संजय दुबे,अजय तिवारी, माधव शर्मा, अमित जैन, सुजीत चौबे,मदन जैन, संजय पाठक, मिथलेश पाठक,राजा तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।




## भारत सदा विश्व का मार्गदर्शन करता आया है : दीपक

**कटंगी, नवभारत।** कटंगी नगर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते ने हिंदू समाज को संबोधित करते हुए कहा कि यह पराक्रमी भारतवर्ष सदा से विश्व का मार्गदर्शन करता आया है। किंतु कुछ परिस्थितियों के कारण विषमता की स्थिति आई। इस विषय पर विस्तृत मीमांसा करते हुए दीपक ने गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला मध्यकाल में आई विसंगतियों और चुनौतियां की चर्चा की। साथ ही गुरु तेग बहादुर के बलिदान को याद करते हुए उन्होंने कहा किया हिंदू समाज के विखंडित होने के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई। किंतु आने वाला समय भारतवर्ष के विश्व गुरु बनने का समय है इसके लिए आज हमें संगठित होने की आवश्यकता है।

जयंती | पनागर में निकाली गई शोभायात्रा, भजन, कीर्तन ने बढ़ाई शोभा

# संत रविदास जयंती पर दिखा भक्ति, एकता और समरसता का संगम

**पनागर,नवभारत।** संत शिरोमणि रविदास जी की 649वीं जयंती के अवसर पर पनागर नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा और उल्लास के साथ विविध आयोजन किए गए। इस अवसर पर नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई और बस स्टैंड क्षेत्र में भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें नवयुवकों, महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

नगर के सुभाष वार्ड स्थित चौधरी मोहल्ला से शोभायात्रा का शुभारंभ संत रविदास की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ निकली शोभायात्रा में बच्चियां सिर पर कलश लेकर चल रही थीं, वहीं युवा भजन-कीर्तन व नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे।



महिलाएं भी पारंपरिक व मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ शोभायात्रा में शामिल रहीं। शोभायात्रा सुभाष वार्ड से प्रारंभ होकर स्थानीय पुलिस थाना, बिन्नी बाई स्कूल, कमानिया गेट होते हुए बस स्टैंड पहुंची और पुन: सुभाष वार्ड में स्थित मंदिर के समक्ष संपन्न हुई। मार्ग में विभिन्न समाजों के वरिष्ठजनों द्वारा संत रविदास जी की पूजा-अर्चना कर श्रीफल अर्पित किए गए एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुशील तिवारी ने पूजन कर संत रविदास जयंती की शुभकामनाएं दीं। रात्रि में विशाल महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं ने उपस्थिति दर्ज कराई।

शोभायात्रा एवं कार्यक्रमों में विमलेश चौधरी, अशोक चौधरी, छोटेलाल, राहुल चौधरी, विमल जैन, युवक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश प्रजापति, योगेश केसरवानी, पार्षद प्रमोद पटेल, पार्षद मुकेश वंशकार, रामनिवास गौतम, संतोष सैनी, धनराज पटेल, केस लाल रजक, सानू खरे, नितिन गौतम, एडवोकेट शैलेश तिवारी सहित सैकड़ों लोगों ने सहभागिता कर आयोजन की शोभा बढ़ाई।

### ग्राम पंचायत उमरिया में भी निकाली शोभायात्रा

इसी क्रम में ग्राम पंचायत उमरिया चौबे में भी समाजजनों द्वारा संत रविदास जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ग्राम में जगह-जगह संत जी का स्वागत कर पूजा-अर्चना की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। संत रविदास मंदिर परिसर में सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख रमेश चौधरी, सुशील, चेतराम, टिंगू, अभिषेक, अनिल, मदन, बबलू, राजू, राजकुमार चौधरी, विनोद चौधरी, राजेंद्र चौधरी, अरुण चौधरी, रवि चौधरी, अभिषेक चौधरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बेलखाडू में धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती

**नवभारत,बेलखाडू ।** रविवार को ग्राम बेलखाडू में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रकाश पर्व के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर रामबाग मुहास बस्ती से साहू मोहल्ला होते हुए बैंड बाजों के साथ विशाल चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में ऑटो को आकर्षक रूप से सजाकर उस पर संत रविदास जी का चित्र विराजमान किया गया।



कार्यक्रम में महिला एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भक्ति भाव से संत रविदास जी के विचारों को स्मरण किया। इसके साथ ही मोहास,बघोड़ीं, बघोड़ा , झगरा, बोरिया , नगना, सुरतलाई,आदि गांवों में कार्यक्रम पूजन आयोजन भी किया गया, जिसमें ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। इस आयोजन प्रमुख रूप से मुकेश चौधरी ,गणेश चौधरी बघौड़ी , मिलन चौधरी,रवि सूर्यवंशी, संजय झगरा, रिंकु बोरिया, राजेश चौधरी, रवि मोहास, शुशपाल दिनेश ,मुकेश, आकाश, अनिकेत चौधरी, राज चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।